**नमूने का प्रश्न पत्र 2020-21**

**Model Question Paper I**

**II PUC - HINDI (03)**

समय : **3** घंटे **15** मिनट For Reduced Syllabus कुल अंक : **100**

सूचना : I) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है ।
ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6x1=6**

1. कानूनगो इलाके में आते तो किसके चौपाल में ठहरते ?
2. जो मनुष्य सत्य बोलता है, वह किससे दूर भागता है?
3. गंगा मैया ने किसे सर्व शक्तिमान कहा है ?
4. शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है ?
5. विश्वेश्वरय्या का पूरा नाम लिखिए ।
6. कावेरी नदी का बाँध किस नाम से मशहूर है ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3x3=9**

7. सुजान भगत को सबसे अधिक क्रोध बुलाकी पर क्यों आता है?
8. अंग्रेजी - जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया?
9. गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है?
10. शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा ?
11. हैदराबाद नवाब के सामने कौन - सी मुसीबत थी ? उसका समाधान विश्वेश्वरय्या ने कैसे किया ?

**II. अ. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ? 4x1=4**

12. 'दिन भर एक न एक खुचड़ निकालते रहते हैं ।'
13. 'कर्त्तव्य वह वस्तु है जिसे करना हम लोगों का परम धर्म है ।'
14. 'आप में तो वह शक्ति है कि प्रदूषण अपने आप समाप्त होता जाता है।'
15. 'ऐसे महान विश्वेश्वरय्या पर सारे भारत को गर्व है ।'

**आ. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2x3=6**

16. आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा काम करे ।
17. इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे उसके अनुसार हम करें ।
18. पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुनःउत्थान की किरणें फूटती हैं ।
19. पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी - लिखी माँ ।

**III. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6x1=6**

20.रैदास किसकी रट लगाए हुए हैं ?

21.कौन अंतर की बात जानने वाले हैं ?

22.आँखों की सुंदरता किससे बढ़ती है ?

23.बेटी किन्हें गहने मानती है ?

24.कवि नरेन्द्र शर्मा मनुष्य को किसके बल पर जीतने को कहते हैं?

25.जंगल को क्या हो जाने से बचाना है?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x3=6**

26.रैदास ने भगवान और भक्त के संबंध को कैसे वर्णित किया है ?

27.फूल एवं तारों के विषय में कवयित्री महादेवी वर्मा क्या कहती हैं?

28.बेटी रंगीन कपड़े और गहने क्यों नहीं चाहती ?

29.'कायर मत बन' कविता के व्दारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं ?

**इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2x4=8**

30. रैदास श्रम करि खाइहि,
जो लौ पार बसाय ।
नेक कमाई जउ करइ,
कबहुँ न निहफल जाय ।

अथवा

चोरी करत कान्ह धरि पाए ।
निसि - बासर मोहिं बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिं आए ।
माखन - दधि मेरौ सब खायौ, बहुत अचगरी कीन्ही ।
अब तो घात परे हौ लालन, तुम्हें भलै मैं चीन्ही ।

31. युद्धं देहि कहे जब पामर
दे न दुहाई पीठ फेर कर
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पद चूमे तस्कर ।

अथवा

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था
घर के दरवाजे पर तैनात ।

**IV. अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 5x1=5**

32.दादा जी के अनुसार उनका परिवार किस पेड़ के समान है?

33.दादा जी ने सबको क्या समझाया था?

34.सुशीला किसके लिए बैचैन है ?

35.भारवि के अनुसार क्या जघन्य पाप है ?

36. भारवि किस महाकाव्य की रचना कर महाकवि भारवि बने ?

**आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2x5=10**

37. बेला की मानसिक दशा का वर्णन कीजिए ।

अथवा

दादा जी की क्या आकांक्षा थी ?

38. भारवि अपने पिता से क्यों बदला लेना चाहता था ?

अथवा

भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला?

**V. अ. वाक्य शुद्ध कीजिए : 4x1=4**

39. i) सुरेश के चाची जी बीमार पड़े हैं ।

ii) रोगी को काटकर सेब खिलाओ ।

iii) मैं आप पर इज्ज़त करता हूँ ।

iv) महेश और संगीता हमारे यहाँ आएगा ।

**आ. कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : 4x1=4**

(की, के, से, को)

40. i) राम कैंची _________ कागज काटता है ।

ii) वह अपने गुरु ________ इज्ज़त करता है ।

iii) पीड़ितों _______ दान दो ।

iv) विश्वेश्वरय्या समय _____ बड़े पाबंद थे ।

**इ. निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 3x1=3**

41. i) राहुल कुंभ मेले में जा रहा है । (भूतकाल में बदलिए)

ii) इस दिशा में काम शुरु हो जाएगा । (वर्तमान काल में बदलिए)

iii) मैंने भिखारी को एक रुपया दिया । (भविष्यत् काल में बदलिए)

**ई. निम्मलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4x1=4**

42. i) कूच करना — क) आमदनी बढ़ना
ii) कमर कसना — ख) असहनीय दुख होना
iii) कंचन बरसना — ग) प्रस्थान करना
iv) कलेजा फटना — घ) तैयार होना

**उ. अन्य लिंग रुप लिखिए : 3x1=3**

43. i) संन्यासी ii) विव्दान iii) गोप

**ऊ अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 3x1=3**

44. i) जो दिखाई न दे
ii) जो दूसरों से ईर्ष्या रखता हो
iii) प्रतिदिन होने वाला

**ए. निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : 2x1=2**

45. i) आवश्यक ii) कल्पना

**ऐ. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : 2x1=2**

46. i) बदलाव ii) प्रभावित

**VI. अ. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 1x5=5**

47. i) वैश्विक महामारी कोविड-19 का प्रकोप
ii) योग : स्वस्थ आरोग्य का मंत्र
iii) मोबाईल : सुविधा या असुविधा

**अथवा**

ऑनलाईन पढ़ाई के अनुभव का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए :

**आ. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5x1=5**

48. हमारे देश में प्राचीन काल से अच्छे स्वास्थ्य के लिए उचित आहार पर जोर दिया गया है । चिकित्सा शास्त्र के आचार्यों और ऋषि - मुनियों ने आयुर्वेद में आहार की महत्ता प्रतिपादित की है । उपनिषद् में कहा गया है - अन्न ही हमारे मन का निर्माण करता है । चरक संहिता में लिखा है - अन्न प्राणियों का प्राण है। श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार भोजन अथवा आहार यथा योग्य होना चाहिए । हमारा आयुर्वेद तो भोजन अथवा आहार संबंधी हिदायतों से भरा पड़ा है लेकिन

फिर भी यह विडंबना ही है कि भारत में आधे से अधिक बच्चे कुपोषण से किसी न किसी रुप में ग्रस्त हैं तथा एक - तिहाई के लगभग महिलाएँ कुपोषण की शिकार हैं । आयुर्वेद में पथ्य एवं कुपथ्य को भी बहुत महत्व दिया गया है । आयुर्वेद में शरीर और मन के लिए हितकारी आहार को पथ्य एवं शरीर को नुकसान पहुँचाने वाले भोज्य पदार्थों को कुपथ्य कहा गया है ।

प्रश्न :

1. हमारे देश में प्राचीन काल से अच्छे स्वास्थ्य के लिए किस पर जोर दिया गया है ?
2. उपनिषद् में क्या कहा गया है ?
3. श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार आहार किस प्रकार का होना चाहिए ?
4. भारत में आधे से अधिक बच्चे किससे ग्रस्त हैं?
5. शरीर और मन के लिए हितकारी आहार को क्या कहते हैं?

**इ. हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5x1=5**

**49.** i) ನಾವು ರಾಷ್ಟ್ರಗೀತೆಯನ್ನು ಗೌರವಿಸಬೇಕು.

We should respect our National Anthem.

ii) ವಿವಿಧತೆಯಲ್ಲಿ ಏಕತೆಯನ್ನು ಭಾರತದಲ್ಲಿ ಕಾಣಬಹುದು.

Unity and diversity is found in India.

iii) ಎಲ್ಲರೂ ಅವನನ್ನು ಮರ್ಯಾದೆಯಿಂದ ಕಾಣುತ್ತಿದ್ದರು.

He was respected by everyone.

iv) ನೀನು ನನ್ನ ಜೊತೆ ಮನೆಗೆ ಬ್ರುವೆಯಾ ?

Are you coming with me ?

v) ರಾಹುಲನು IAS ಪರೀಕ್ಷೆಯನ್ನು ಪ್ರಥಮ ಸ್ಥಾನದೊಂದಿಗೆ ತೇರ್ಗಡೆ ಹೊಂದಿದ್ದಾನೆ.

Rahul cleared his IAS examination with 1st Rank.

--------x------x---------

# नमूने का प्रश्न-पत्र -II 2020-2021

**Model Question Paper - II**

**Subject Code : 03**

**Time : 3 Hrs. 15 Mins.** **HINDI - II PUC** **Max. Marks : 100**

(For Reduced Syllabus)

सूचनाः 1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2. प्रश्नों की क्रमसंख्या लिखना अनिवार्य है ।

**I.** अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **6x1=6**

1. कटिया का ढेर देखकर कौन दंग रह गयी ?
2. किनसे सभी घृणा करते हैं ?
3. माँ के चेहरे पर क्या थी ?
4. 'एक कहानी यह भी' की लेखिका कौन हैं ?
5. किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी ?
6. 1955 में भारत सरकार ने विश्वेश्वरय्या को किस उपाधि से विभूषित किया ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **3x3=9**

7. घर में सुजान भगत का अनादर कैसे हुआ ?
8. झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।
9. प्रदूषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है ?
10. पिताजी के प्रति लेखिका के क्या विचार थे ?
11. विश्वेश्वरय्या के बाल्य-जीवन के बारे में लिखिए।

**II.** अ. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ? **4x1=4**

12. 'धरम के काम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं ।'
13. 'जिधर देखो उधर कर्त्तव्य ही कर्त्तव्य देख पड़ते है।'
14. 'जीवन मूल्यों का जब अंतिम संस्कार कर दिया जाता है तब यही परिणाम होता है।'
15. 'यू हैव मिस्ड समथिंग।'

आ. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **2x3=6**

16. "अब तक जिस घर में राज किया, उसी घर में पराधीन बनकर नहीं रह सकता।"
17. "कर्त्तव्य करना न्याय पर निर्भर है।"
18. "सेवाहि परमो धर्म के स्थान पर लोग ' मेवाहि परमो धर्म' कहने लगे हैं।"
19. "यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी।"

**III.** अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **6x1=6**

20. अंग.अंग में किसकी सुगंध समा गई है ?
21. वाणी कहाँ रह गई ?
22. मुस्काते फूल को क्या आना चाहिए ?
23. बेटी को क्यों सुंदर दिखना है ?
24. 'कायर मत बन' कविता के कवि का नाम लिखिए ।
25. सूखी डाल कैसी है ?

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x3=6**

26. श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन कीजिए ।
27. जीवन की सार्थकता किसमें है ?
28. मानवता के प्रति नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए ।
29. वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए ।

इ. ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : **2x4=8**

30. प्रभु जी तुम मोती, हम धागा,
जैसे सोने मिलत सुहागा ।
प्रभु जी तुम स्वामी, हम दासा
ऐसी भगति करै रैदासा ॥

अथवा

ऊधौ हम आज, भईं बड़ भागी ।
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके,
ते अँखियाँ हम लागीं ।
जैसे सुमन बास लै आवत,
पवन मधुप अनुरागी ।
अति आनंद होत है तैसैं,
अंग-अंग सुख रागी ॥

31. मेरा यह बचपन, तुम्हारा मातृत्व
ये ही गहने हैं मेरे लिए, माँ ;
मैं तुम्हारा गहना ; तुम मेरा गहना ;
फिर अन्य गहने क्यों चाहिए, माँ ?

अथवा

तेरी रक्षा का न मोल है,
पर तेरा मानव अमोल है,
यह मिटता है, वह बनता है,
यही सत्य की सही तोल है ।

**IV**.अ. एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **5x1=5**

32. 'सूखी डाली' के एकांकीकार का नाम लिखिए ।
33. दादाजी को किस कल्पना से सिहरन होने लगती है ?
34. व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है ?
35. पिता क्या नहीं सहन कर सकता ?
36. भारवि से मिलने आयी स्त्री का नाम लिखिए ।

आ. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2x5=10**

37. दादा जी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे ?

अथवा

बेला अपने मायके क्यों जाना चाहती थी ?

38. शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

अथवा

'सुशीला' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**V.** अ. वाक्य शुद्ध कीजिए : **4x1=4**

39. 1. हवा तेज बहने लगा ।
2. उसके हाथ काँप रही थी ।
3. बालक ने रोटी खाया ।
4. वह गाने की कसरत कर रहा है ।

आ. कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त-स्थान भरिए : **4x1=4**

(सम्मान, कर्त्तव्य, सत्य, प्रवृत्ति)

40. 1. सच्चाई की ओर हमारी -------- झुकती है ।
2. मनुष्य का परम धर्म -------- बोलना है ।
3. सत्य बोलने से हमारा --------- होगा ।
4. स्वार्थी लोग अपने ------ पर ध्यान नहीं देते ।

इ. निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : **3x1=3**

41. 1. यात्री गंगा में स्नान कर रहे हैं । (भविष्यत् काल में बदलिए)
2. रमेश कल मुम्बई जाएगा । (भूतकाल में बदलिए)
3. मुझे डर लग रहा था । (वर्तमान काल में बदलिए)

ई. निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के सथ जोड़कर लिखिए : **4x1=4**

42.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आँखों का तारा | अ. | चुगली करना |
| 2. | चकमा देना | आ. | हिम्मत बढ़ाना |
| 3. | ढ़ाढ़स बाँधना | इ. | बहुत ही प्यारा |
| 4. | कान भरना | ई. | धोखा देना |

उ. अन्य लिंग रूप लिखिए : **3x1=3**

43. 1. साधु 2. भैंस 3. बादशाह

ऊ. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : **3x1=3**

1. जिसका रूप अच्छा न हो ।
2. जो पढ़ना - लिखना न जानता हो ।
3. जो जन्म से अंधा हो ।

ए. निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : **2x1=2**

45. 1. किस्मत 2. धर्म

ऐ. निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : **2x1=2**

46. 1. कठिनाई 2. स्वच्छता

**VI**. अ. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : **1x5=5**

47. 1. इंटरनेट की दुनिया 2. समाज सेवा 3. दीपावली

अथवा

किसी शैक्षणिक यात्रा का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम पत्र लिखिए ।

आ. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **5x1=5**

48. ''स्वराज्य हमारा जन्म-सिद्ध अधिकार है। हम उसे लेकर रहेंगे ।'' ये उद्गार हैं, लोकमान्य तिलक के जो अपनी भरी जवानी में ही जान हथेली में रखकर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे । उनमें अद्भुत उत्साह और कार्यक्षमता थी । भय तो उन्हें था ही नहीं - न अपनी जीविका और न अपने जीवन का । जिस समय वह लाखों की भीड़ में बोलने लगते थे उस समय उनकी दहाड़ एक सिंह की दहाड़ होती थी । झुकना तो वे जानते ही नहीं थे। तत्कालीन अंग्रेजी सरकार उन्हें बार-बान झुकाने की कोशिश करती लेकिन वे नहीं झुके, हिमालय की तरह अटल और अडिग रहे।

प्रश्न :
1. तिलक जी के उद्गार क्या थे ?
2. तिलक जी किस संग्राम में कूद पड़े थे ?
3. तिलक जी में कौन से अद्भुत गुण थे ?
4. तिलक जी क्या नहीं जानते थे ?
5. तिलक जी किसकी तरह अटल और अडिग रहे ?

इ. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **5x1=5**

49. i) ದಿನಗಳೆದಂತೆ ನಿರುದ್ಯೋಗ ಸಮಸ್ಯೆ ಉಲ್ಬಣಗೊಳ್ಳುತ್ತಿದೆ.
The problem of unemployment is increasing day by day.

ii) ತಾಯಿಯು ತನ್ನ ಮಕ್ಕಳನ್ನು ಸದಾ ಸಮಾನವಾಗಿ ಪ್ರೀತಿಸುತ್ತಾಳೆ.
Mother always love her children equally.

iii) ನಾನು ಇಂಗ್ಲೆಂಡಿನಲ್ಲಿ ಮುರು ವರ್ಷವಿದ್ದೆ.
I have lived in England for three years.

iv) ದೇಶದ ಸುರಕ್ಷತೆ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಕರ್ತವ್ಯವಾಗಿದೆ.
The security of our nation is our responsibility.

v) ದೇಶ ಭಕ್ತರನ್ನು ಸದಾ ಗೌರವಿಸಬೇಕು.
Always give respect to patriots.

✻ ✻ ✻ ✻ ✻